फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

छगनलाल पिता जीतु जाति जाट निवासी घासलों का खेड़ा तह. कपासन वगैरा

बनाम

छगनलाल पिता गणेश जाति जाट निवासी घासलों का खेड़ा तह. कपासन वगैरा

प्रकरण संख्या 08/2021 (नि.पं.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
05.07.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता निगराकारगण अनुपस्थित। अधिवक्ता गैर निगराकार उपस्थित। रूक–रूक कर तीन–चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी निगराकारगण तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अधिवक्ता निगराकारगण पूर्व पेशी दिनांक 13.01.2023, दिनांक 08.02.2024 पर भी बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहे हैं अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः न्यायालय समय में रूक–रूक कर आवाजें लगवाई गई फिर भी उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। अधीनस्थ ग्राम पंचायत का अभिलेख मय आदेश की प्रति के प्रेषित किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	